निशानों में हिन्दी टाइप जानने वाले कर्मचारियों को भी भेजा गया है । इसके अतिरिक्त, विदेश स्थित सात मिशनों में हिन्दी अधिकारी तैनात किए गए हैं और भारत का राजदूतावास, काठमांडू में एक वरिष्ट हिन्दी अनुवादक भी । विदेश स्थित बहुत से भारतीय राजदूतावासों और कौंसलावासों में निःशुल्क हिन्दी कक्षाएं भी चलाई जाती हैं ।

(ख) अंग्रेजी और हिन्दी ।

चौधरी चरण सिंह के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट

928. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्वतंत्रता सेनानी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सम्मान में स्मारक डाक-टिकट जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो उनके सम्मान स्मारक डाक-टिकट कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

संचार मंत्रालय में (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री (श्री जनेश्वर मिश्र) : (क) जी, हां ।

(ख) चौधरी चरण सिंह, भूतपूर्व प्रधान मंत्री के सम्मान में 29-5-90 को एक स्मारक डाक-टिकट जारी करने का प्रस्ताव है ।

929. *[.Transferred to* 22nd *May*, 1990]

कश्मीर घाटी के लिये पाकस्तान द्वारा खाड़ी में धन का जुटाया जाना

930. **श्री राम नरेश यादव** : क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4 अप्रैल, 1990 के "हिन्दु" में "पाक रेजिंग थड्स इन गल्फ फ़ोर एजीटेशन इन दि कश्मीर वैली" शीर्षक के अन्तर्गत प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) क्या कश्मीर घाटी के अलगाववादियों के सहायतार्थ पाकिस्तान द्वारा विश्व के अन्य देशों से धन जुटाया जा रहा है ;

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या सरकार ने इस मामले को संबंधित देशों की सरकारों के साथ उठाया है; यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है?

विदेश मंत्री (श्री इन्द्र कुमार गुजराल): (क) सरकार ने 4 मई, 1990 को 'हिन्दु' में छपी इस आशय की खबरें देखी हैं ।

(ख) और (ग) पाकिस्तान की प्रधानमंत्री ने 13 मार्च, 1990 को कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री कोष की स्थापना की घोषणा की थी । इस कोष के लिए देश-विदेश से अनुदान मांगा गया है । यह स्पष्ट किया गया था कि अंशदान पाकिस्तान स्टेट बैंक और सभी अधिसूचित बैंकों तथा सभी ट्रेजरियों में प्राप्त किया जा सकेगा। विदेशों से अंशदान राष्ट्रीयकृत वाणिज्यिक बैंकों की सभी शाखाओं तथा विदेश स्थित पाकिस्तानी मिशनों में प्राप्त किया जाएगा ।

(घ) भारत के खिलाफ़ निर्देशित आतंकवाद को पाकिस्तान के समर्थन और प्रोत्साहन के तथ्य और तरीके को सभी संबंधित सरकारों के ध्यान में लाया गया है ।

North Eastern Council

931. SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the North Eastern Council (NEC) is without a Chairman for about a year now; and

(b) if so, the reasons therefor?